(2) GENERAL HINDI / सामान्य हिन्दी

11. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(1) जब वर्षा होगी तब देखा जाएगा।

(2) हम सब जा रहे हैं, आप भी चलोगे?

(3) इस बार फसल अच्छी होगी।

(4) बैठक का समय चार बजकर दस मिनट होगा।

12. 'विद्वान' का स्त्री-लिंग है :

(1) विद्वत्री (2) विद्वानी

(3) विद्वत्ता (4) विदुषी

13. निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए :

(1) उज्वल (2) उजवल

(3) उज्ज्वल (4) उज्जवल

14. 'परिक्रमा' शब्द में उपसर्ग है :

(1) आ (2) परि

(3) प (4) मा

15. 'छाती पर साँप लोटना' - मुहावरे का **सही** अर्थ दिए गए विकल्पों में से चुनिए :

(1) साहस का काम करना

(2) ईर्ष्या करना

(3) कष्ट पाना

(4) भयभीत होना

16. 'सुख-चैन' में समास है :

(1) द्विगु (2) द्वन्द्व

(3) कर्मधारय (4) तत्पुरुष

17. 'सिंह वन में रहता है' रेखांकित में कारक है :

(1) अपादान कारक

(2) अधिकरण कारक

(3) करण कारक

(4) कर्म कारक

18. 'जल्दी चलो' - रेखांकित अंश में कौन-सा विशेषण है?

(1) निश्चय वाचक विशेषण

(2) क्रियाविशेषण

(3) परिमाण बोधक विशेषण

(4) अनिश्चय वाचक विशेषण

19. इनमें से कौन-सा शब्द 'पर्वत' का पर्याय **नहीं** है?

(1) नभ (2) शैल

(3) भूधर (4) नग

20. 'शाखा' का बहुवचन है :

(1) शाख (2) शाखें

(3) शाखाएँ (4) शाखियाँ

Scanned by CamScanner